C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 7:08 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:29 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 40 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 26 जुलाई 2025

आठवें दिन ही 200 करोड़ के...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### इग्नू ने प्रो. उमा कांजीलाल को कुलपति नियुक्त किया




**नैनीताल ।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने प्रो. उमा कांजीलाल को कुलपति के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। यह एक ऐतिहासिक उपलबधि है क्योंकि वह विश्वविद्यालय के इतिहास में इस प्रतिष्ठित पद को धारण करने वाली पहली महिला बनी हैं। बता दें वह 22 जुलाई 2024 से कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्यरत थी। इस बीच कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के इग्नू के मुखय समन्वयक तथा कुविवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा सचिव डॉ. विजय कुमार ने प्रो. उमा कांजिलाल को कुलपति बनने पर बधाई दी है।

### स्टेशन पर छात्र का मोबाइल व सामान ले भागे चोर

**हल्द्वानी।** एक छात्र को रेलवे स्टेशन पर सोना भारी पड़ गया सो रहे छात्र का चोर मोबाइल व अन्य सामान ले भागे छात्र ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ सौंप कर मुकदमा दर्ज कराया है सोपी तहरीर में राजस्थान निवासी युवराज कुमार सैनी पुत्र मुकेश कुमार सैनी ने कहा है कि वह एस एस सी का पेपर देने के लिए हल्द्वानी आया था पेपर देने के बाद वह ट्रेन का इंतजार रेलवे स्टेशन पर कर रहा था उसी वक्त बेंच पर लेट गया जैसे ही वे लेटा तो उसे नींद आ गई। चोर कुछ देर के बाद उसका जब से निकाल कर मोबाइल व अन्य सामान ले गए जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि उसका सामान गायब है उसने इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी पुलिस ने टिहरी के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## यमुनोत्री में सड़क धंसने से फंसे श्रद्धालु, केदारनाथ यात्रा रोकी


देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में बारिश आफत बनकर बरस रही है। केदारनाथ यात्रा रोकी गई है। आने वाले दिनों की बात करें तो 31 जुलाई तक राज्यभर में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है।

पर्वतीय इलाकों में, इसके अलावा तेज हवाएं चलने के भी आसार हैं। बारिश से प्रदेश में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। केदारनाथ यात्रा बाधित है तो वहीं श्रीनगर गढ़वाल में घरों के अंदर पानी घुस गया। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में तेज दौर की बारिश होने की संभावना मौसम विभाग की ओर से






जताई गई थी। देहरादून, चम्पावत और नैनीताल जिले के कुछ हिस्सों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों में तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं। श्रीनगर गढ़वाल नगर निगम के वार्ड 29 भक्तियाना, एनआईटी के पास शुक्रवार देर रात तेज बारिश आफत बनकर बरसी। बारिश का पानी दो घरों के अंदर तक घुस गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि शनिवार सुबह 4 बजे जब उनकी पत्नी उठीं तो कमरे में पानी भरा हुआ था। बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग की नाली चोक होने के कारण पानी घरों में घुसा। केदारनाथ यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को भी मुश्किल का सामना करना पड़ा। गौरीकुंड से आगे मूसलधार बारिश की वजह से केदारनाथ मार्ग बाधित हो गया है। एहतियात के तौर पर यात्रा रोक दी गई है। वहीं यमुनोत्री धाम को जोड़ने वाली फूलचट्टी जानकीचट्टी सड़क फूलचट्टी के पास धंसने से आवाजाही बंद हो गई। दोनों तरफ दर्जनों वाहनों पर स्थानीय लोगों के साथ श्रद्धालु फंसे हैं।

राज्यपाल ने भी किया वीरों को नमन

## कारगिल विजय दिवसः सीएम धामी ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

देहरादून

हमारे संवाददाता

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गांधी पार्क में आयोजित शौर्य दिवस श्रद्धांजलि समारोह में सीएम धामी ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित शहीदों को श्रद्धांजलि दी। शौर्य दिवस श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह में शहीदों के परिजन मौजूद रहे।

वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने भी कारगिल विजय दिवस पर देश की रक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि कारगिल युद्ध भारतीय सेना के अद्वितीय साहस, अदम्य शौर्य और उच्चतम रणनीतिक कौशल का प्रतीक है।

यह एक ऐतिहासिक विजय थी, जिसमें हमारे बहादुर सैनिकों ने दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में भी अद्भुत पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए देश की सीमाओं की रक्षा की और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब



दिया।राज्यपाल ने कहा कि इस विजय अभियान में भारतीय सेना के अनेक जवानों ने राष्ट्र की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की। वीरभूमि उत्तराखंड के अनेक जांबाज सपूतों ने भी इस युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देकर राज्य एवं देश का गौरव बढ़ाया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड की वीरता, देशभक्ति और बलिदान की परंपरा अटूट रही है, जो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना ने हर अवसर पर अपने शौर्य और पराक्रम से राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। कारगिल युद्ध में प्राप्त विजय सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं, बल्कि यह देशवासियों के विश्वास, एकता और अखंड राष्ट्रभाव की भी विजय है। उन्होंने कहा कि कारगिल के वीरों का बलिदान राष्ट्र की स्मृति में अमर रहेगा।

## धर्मांतरण के आरोपी छांगुर के भतीजे सबरोज का ठिकाना भी तबाह, बुलडोजर ने ढहा दिया

बलरामपुर

एजेंसी

अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकाने को भी प्रशासन ढहा दिया। गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी में सबरोज का ठिकाना सरकारी जमीन पर बना था।

अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा और सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी में सबरोज का ठिकाना सरकारी जमीन पर बनाया गया था। वहीं, छांगुर के करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई भी जारी है। छांगुर का गिरोह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी जुटा था। देश भर में अपने अवैध कारनामों का जाल बुना था। इसमें तीन हजार से अधिक लोगों को शामिल किया था। छांगुर के कई राज तो सामने आ चुके हैं, लेकिन उसके देश के संदिग्ध या प्रतिबंधित संस्थाओं से ताल्लुक की छानबीन हो रही है।

छांगुर ने दुबई, सऊदी, तुर्की जैसे देशों में अपनी पहुंच बनाई थी। इससे माना जा रहा है कि उसके सबंध उन संस्थाओं से भी रहे हैं कि जो देश में अशांति फैला रही हैं। देश में छांगुर का नाम सर्वाधिक धर्मांतरण कराने में दर्ज हो चुका है। छांगुर बाबा से पीड़ित कई जिलों में शिकायतें कर रहे हैं। कार्रवाई होने के बाद लोगों के हौसले बुलंद हुए हैं, जिससे छांगुर के करतूत और उनसे जुड़े लोगों का नाम उजागर हो रहा है।



## गौला नदी में युवती का शव मिला, पुलिस ने कब्जे में लिया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**सनसनी**
- मौके पर फोरेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटाने लगी

गौला नदी में एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मुखानी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी शिनाख्त करने की प्रयास किए। मौके पर फोरेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटा ने जुट गई।

मुखानी थाना क्षेत्र में कालाढूंगी को जाने वाली रोड पर भाखड़ा पुल पर नदी में शनिवार प्रातः एक युवती का शव दिखाई दिया स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मुखानी थाना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दिनेश जोशी ने शव को कब्जे में लिया और उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। थाना प्रभारी दिनेश जोशी ने बताया कि युक्ति की उम्र लगभग 25 वर्ष है और उसने लाल रंग का सूट पहना है और उसके हाथ की कलाई पर ए शब्द का टैटू बना है इतना ही नहीं मृतका के गले के नीचे अज़ीम नाम भी गुदा है। थाना प्रभारी दिनेश जोशी का कहना है कि मृतका की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। बहरहाल सबको मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

## चरस के साथ तीन नशे के सौदागरों को पुलिस ने किए गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारी मात्रा में चरस के साथ तीन नशे के सौदागरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि मंडी चौकी पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने लाखों रुपए की चरस के साथ कार सवार तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिन्हें कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, मंडी चौकी प्रभारी प्रेम राम विश्वकर्मा अपने दल बल के साथ मंडी चौकी से होते हुए बाईपास से अग्निशमन कार्यालय की ओर जा रहे थे तभी तेज गति से एक कार संख्या यूके 04 टीबी 5996पुलिस को आती दिखाई दी जब पुलिस ने उसे कर को हाथ देकर




रोकना चाहा तो कर के चालक ने कर की गति बढ़ा दी संडे होने पर पीछा करते हुए पुलिस ने कर को घेराबंदी कर रोक लिया और कार में सवार लोगों की व कार की तलाशी ली पुलिस को कार में सवार तीनों लोगों के पास से लगभग दो किलो चरस बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए चरस तस्करों ने अपना नाम नंदन सिंह पुत्र भवान सिंह, हरीश सिंह पुत्र नरसिंह निवासी पेडीयाचुला पटवारी पट्टी पतलिया जिला नैनीताल व सौरभ मिश्रा चंद्रसेन मिश्रा निवासी राय नवाज थाना बहेड़ी जिला बरेली बताया है पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तस्कर नंदन सिंह ने बताया कि हम तीनों दोस्त हैं और आसपास के गांव से थोड़ी-थोड़ी चरस एकत्र कर हल्द्वानी शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में महंगे दामों में बेचते हैं जिससे उनका घर का गुजर बसर चलता है। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि पकड़ी गई चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग दो लाख रुपए से अधिक की आंकी गई है।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों तस्करों को न्यायालय में पेश किया है सफलता पाने वाली टीम में कांस्टेबल ललित मेहरा, संतोष बिष्ट, भूपेंद्र ज्येष्ठा, अरुण राठौर, आदि शामिल थे।

# श्रद्धांजलि सभा: श्रीदेव सुमन को 81वें शहादत दिवस पर याद किया

रामनगर

हमारे संवाददाता



अमर बलिदानी श्रीदेव सुमन के 81वें शहादत दिवस पर समाजवादी लोक मंच ने पैठ पड़ाव में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर आज़ादी के इस सच्चे सिपाही को याद किया। कार्यक्रम में महिला नेत्री सरस्वती जोशी ने सुमन की तस्वीर पर माल्यार्पण किया, वहीं उपस्थित जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मंच संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि श्रीदेव सुमन ने टिहरी रियासत के अत्याचारों के खिलाफ दो बार आमरण अनशन किया और 84 दिन की भूख हड़ताल के बाद 25 जुलाई 1944 को प्राण त्याग दिए, लेकिन झुके नहीं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार आज ऐसे शहीदों को भुलाकर जिम कॉर्बेट जैसे औपनिवेशिक नामों का गुणगान कर रही है, जो अंग्रेजों के ही एजेंडे से जुड़े थे और आज़ादी के बाद देश छोड़कर चले गए थे।किसान संघर्ष समिति के ललित उप्रेती ने टिहरी के राजशाही अत्याचारों का जिक्र करते हुए कहा कि राजा पुल पार करने पर 'झूलिया' और विवाह पर 'सुप्पु स्योन्दी' कर वसूलता था, जबकि जनता अभावों में जीती थी और महल सोने-चांदी से भरते थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज फिर वही राजशाही जैसे हालात हैं आवाज़ उठाने वालों को दबाया जा रहा है, घर उजाड़े जा रहे हैं, बेरोज़गारी और महिला अपराध चरम पर हैं। तुलसी छिंबाल ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम के नाम पर समाज को बांटा जा रहा है, और ये वो भारत नहीं जिसके लिए श्रीदेव सुमन ने बलिदान दिया। सभा में कौशल्या, मौ आसिफ, मोहन तिवारी, मुकेश जोशी, नीमा आर्य, दीपा आर्य, उषा पटवाल, सीमा तिवारी, धना देवी, दुर्गा सैनी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रेरणा और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत श्रीदेव सुमन की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में विचार गोष्ठी से हुई जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवक करण सिंह गैरा ने श्रीदेव सुमन के जीवन तथा उनके बलिदान और उनके सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। रैली के उपरांत रोटरी कलब नैनीताल के अध्यक्ष शैलेन्द्र शाह, वन विभाग से मनोज, कुंदन, योगेश शाह, सुनील, श्रीमती विमला नगरकोटी तथा विद्यालय की एनएसएस प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी बिष्ट एवं भावना के नेतृत्व में स्वयंसेवियों के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने बांज, उतीस, पांगड़ और भीमल जैसे स्थानीय और पर्यावरण के लिए उपयोगी वृक्ष टांकी क्षेत्र मे लगाए। शैलेन्द्र शाह ने वृक्षों की उपयोगिता और उनसे होने वाले पर्यावरणीय लाभों के बारे में जानकारी दी। वन विभाग के अधिकारियों ने पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया।

## NEWS / फटाफट

### भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया

**हल्द्वानी।** कारगिल विजय दिवस के अवसर नैनीताल रोड स्थित शहीद पार्क में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध में नैनीताल जिले से शहीद हुए वीर जवानों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट, विधायक सुमित हृदयेश, मेयर गजराज बिष्ट, सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी, कारगिल शहीदों के परिजन और पूर्व सैनिकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया और उनके अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। सांसद अजय भट्ट ने इस अवसर पर कहा, कारगिल के शहीदों का बलिदान देश कभी नहीं भुला सकता। हमारे सैनिकों के अद्वितीय साहस और समर्पण के कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित हैं। भारत सरकार और राज्य सरकारें हमेशा सैनिकों व उनके परिवारों के साथ खड़ी हैं। विधायक सुमित हृदयेश ने भी कार्यक्रम में अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि वे कारगिल शहीद मेजर राजेश अधिकारी के सहपाठी रह चुके हैं। उन्होंने कहा मेजर राजेश अधिकारी का बलिदान मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक प्रेरणा है। उनका समर्पण आज भी हमें राष्ट्रसेवा की भावना से जोड़ता है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### 385 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन 385 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत उनके नेतृत्व में पौधारोपण आंदोलन के 385 वें दिन राष्टीय मार्ग में धमोडा से घाट तक सडक़ के किनारे पड़ी बंजर भूमि में स्थान स्थान पर पौधारोपण के तहत पांचवीं गुरना देवी वाटिका बनाकर उसमें पौधा रोपण किया गया । अभी तक पौधारोपण आंदोलन के द्वारा चार बाटिकाऐ बनाई जा चुकी हैं । उन्होंने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा।

### एक कदम अच्छाई की ओर: रक्तदान किया



**नैनीताल ।** नैनीताल की एक कदम अच्छाई की ओर रक्तदान संस्था के सदस्य उस्मान हनी एवं विवेक सरकार द्वारा रक्तदान कर एक मरीज की सहायता की गई जबकि बीते वीरवार को भी मरीज को रक्तदान किया गया था और मरीज की जरूरत पूरी हो चुकी है। इस बीच एक कदम अच्छाई की ओर रक्तदान संस्था ने दोनों रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान अध्यक्ष संस्थापक अभिषेक मुल्तानिया युवी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकित कुमार टमटा, उपाध्यक्ष संजय कुमार, सचिव रवि कुमार एवं कमल बिष्ट उपस्थित रहे।

### तीन पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**धारी।** वर्तमान में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा के आदेश पर नैनीताल पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाकर माहौल खराब करने तथा नशे की तस्करी करने वालों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जगदीप सिंह नेगी थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर के नेतृत्व में पुलिस द्वारा बीती रात को मुक्तेश्वर क्षेत्र में चैकिंग के दौरान पहाडपानी के पास एक व्यक्ति दीपक नयाल निवासी लेटीबुगा थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल को वाहन स्विफ्ट कार मे 03 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया।



# कुमाऊं विवि बौद्धिक संपदा अधिकार पर व्याख्यान आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को प्रो चित्रा पांडे (विभागाध्यक्ष) द्वारा आयोजित बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर व्याखयान का आयोजन किया, जिसके व्याख्याता वैज्ञानिक डॉ. मोहित त्रिपाठी( बीएएसएफ केमिकल्स नवी मुंबई) रहे।

डॉ. त्रिपाठी ने कैसे पेटेंट फ इल करते है, कैसे अपने आइडियाज को हम संरक्षित रख सकते हैं, कॉपी राइट कया होता है तथा कैसे शोध विचार और विधियों को पेटेंट आसानी से मिलता है इसकी विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी विभागाध्यक्ष प्रो. गीता तिवारी जबकि स्वागत और परिचय डॉ पैनी जोशी उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. प्रियंका सागर, डॉ. सुहैल जावेद, डॉ. मनोज धौनी, डॉ.ललित मोहन, डॉ. गिरिश खर्कवाल, डॉ. दीपशिखा जोशी, डॉ. आकांक्षा रानी और डॉ. भावना पंत सहित रसायन विभाग के शोधार्थियों एमएससी और बीएससी के विद्यार्थियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

# पांच दिवसीय गोयनका संगम में शिरकत करेंगे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा

दिल्ली /नैनीताल

अफजल फौजी



शक्ति गोयनका ट्रस्ट द्वारा 22 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगे।

इस दौरान शक्ति गोयनका ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी सुशील गोयनका ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 में शुरू किए गए इन वार्षिक पुरस्कारों में इस वर्ष व्यापार, समाज सेवा, कला, विज्ञान, खेलकूद ,शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गोयनका समुदाय के शूरवीरों को यह पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर राजनेता, प्रसिद्ध उद्योगपति,खिलाडी आदि भी मंच पर मौजूद रहेंगे। बताया कि शक्ति गोयनका ट्रस्ट के तत्वाधान में आगामी 19 अगस्त से 23 अगस्त फ़तेहपुर शेखावाटी में आयोजित किये जा रहें ंच दिवसीय गोयनका संगम में देश-विदेशों में बसे गोयनका समुदाय के लोग अपने पूर्वजों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए हर साल पांच दिन तक फतेहपुर शेखावाटी में इकट्ठा होते हैं। जहां इस दौरान अनेक सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ताकि,अपनी मिट्टी से जुड़ाव मजबूत रखा जा सके और नई पीढ़ी को समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के बारे में शिक्षित करके उन्हें इसके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा सके । संगम में देश विदेश से व्यवसायिक घरानों के लगभग छह सौ लोग इस संगम में शिरकत करेंगे । नामांकन की अंतिम तिथि 24 जुलाई से 05 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा 22 अगस्त को की जाएगी। इस दौरान कार्यक्रम में चेयरमैन सुभाष चन्द्रा, इमामी ग्रुप के को-चेयरमैन आर एस गोयनका, टैली ग्रुप के चेयरमैन भरत गोयनका, पशुपति ग्रुप के चेयरमैन विष्णु गोयनका सहित देश-विदेश के अन्य दिग्गज उद्योगपति भी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर प्रमुख कथा वाचक पूज्य श्री भूपिंदर भाई पंड्या तीन दिन तक धार्मिक प्रवचन देंगे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# बिना विभाग की अनुमति के अपने राजकीय कार्यों में सहयोग के नाम पर बाहरी व्यक्ति रखा तो कार्रवाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि विभागों में लोक प्रशासन की पारदर्शी एवं उत्तरदायी/भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाये जाने के उद्देश्य से अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा बिना विभाग की अनुमति लिए अपने राजकीय कार्यों में सहयोग के नाम पर अपरोक्ष रूप से बाहरी व्यक्तियों (प्राईवेट व्यक्तियों) को अपने साथ में रखा जा रहा है। इससे शासन-प्रशासन की स्वच्छ एवं पारदर्शी छवि तो धूमिल होती है, साथ ही भ्रष्टाचार निवारण के संबंध में कर्मचारियों एवं आम जनता के मध्य नकारात्मक संदेश भी जाता है। इस संबंध में यदि ऐसा कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो ऐसे अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये है कि शासन द्वारा राजस्व विभाग के समस्त कार्यालयो में लोक प्रशासन की पारदर्शी एवं उत्तरदायी/भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाये जाने हेतु प्रदत्त निर्देशो का अक्षरश अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपने स्तर से अधीनस्थ को निर्देशित करना सुनिश्चित करें साथ ही राजस्व विभाग के अन्तर्गत अपने एवं अपने अधीनस्थ कार्यालयो को शासन के उक्त निर्देशो का अनुपालन करने हेतु निर्देशित करते हुए लोक प्रशासन की पारदर्शी एच उत्तरदायी भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाये जाने हेतु प्रदत्त उक्त निर्देशो का अक्षरश: अनुपालन करना, सुनिश्चित करे।

# नेपाल से नैनीताल पहुंची युवती रीढ़ व पेल्विस की हड्डी के इलाज को

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नेपाल में गिरकर घायल हुई युवती कूल्हे का ऑपरेशन कराने नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल पहुंची है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र सिंह रावत ने नेपाल निवासी दर्पना (19) की कूल्हे की टूटी हड्डी का सफ ल ऑपरेशन किया, जबकि युवती की रीढ़ की हड्डी व पेल्विस की हड्डी भी फ्रैक्चर हैं।

जानकारी के मुताबिक नेपाल कोटबाड़ा निवासी दर्पना करीब 10 दिन पूर्व नेपाल के जंगल में पहाड़ी से गिर गई। इससे उसकी कूल्हे की हड्डीए रीढ़ की हड्डी व पेल्विस की हड्डी फ्रेक्कर हो गई। नेपाल में इलाज नहीं मिल पाने के चलते युवती को परिजनों ने घर पर ही रखा। इससे उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई। एक हसे बाद युवती की मां ने नैनीताल में रह रहे अपने परिजनों को घटना की सूचना दी। युवती की मां को परिजनों ने नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे अस्पताल में युवती का इलाज कराने की सलाह दी। महिला एक सप्ताह पूर्व घायल युवती को लेकर नैनीताल पहुंच गई। बीडी पांडे अस्पताल में एकसरे करने के बाद पता चला कि युवती के कूल्हे में फ्रैक्चर के साथ ही रीढ़ व पेल्विस की हड्डी में फ्रैक्चर है, जिसको देख युवती को रेफर करने की सलाह दी लेकिन युवती के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण युवती के परिजनों ने नैनीताल बीडी पांडे अस्पताल में ही उपचार करने की गुहार लगाई। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र रावत ने युवती को अस्पताल में भर्ती कर दिया। एक सप्ताह बाद कूल्हे की हड्डी का ऑपरेशन करने में कई परेशानियां सामने आ रही थी, साथ ही युवती की अन्य हड्डीयों में फ्रेक्चर से युवती दर्द से कराह रही थी। अन्य डाकटरों की सलाह लेकर डॉ. रावत ने कूल्हे की हड्डी का सफल ऑपरेशन किया।

डॉ. रावत के मुताबिक दर्पना की कूल्हे की हड्डी का ऑपरेशन हो चुका है, अब लगभग 10 दिन तक युवती को चिकित्सकों की देखरेख में रखा जाएगा। एक महीने तक युवती को बैड रेस्ट करना पड़ेगा। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थेटिस्ट डॉ. लक्ष्मण सिंह मेहता, हेमंत कुमार, नरेश तथा सिस्टर नीतू व अलका व जितेन्द्र मौजूद रहे।

# अभिमत

## सेवा के लिए राजनीति

***पूर्व सैन्य अधिकारी कोठियाल ने अन्य दायित्वधारियों को प्रेरणा देते हुए कहा है कि वह सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि समाज सेवा के भाव से राजनीति में आये हैं। देश की राजनीति में पद, पैसे और विशेषाधिकारों की अंधी दौड़ में नेता, अधिकारी, शिक्षा और अन्य क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हैं, वहीं एक पूर्व सैन्य अधिकारी ने अपने कर्म और फैसले से यह साबित कर दिया है कि राजनीति का मूल स्वरुप आज भी सेवा और त्याग हो सकता है।***

पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के अध्यक्ष कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल सरकारी सुविधा नहीं लेंगे। दरअसल दायित्वधारी पद वालों पर सरकार का एक वर्ष में लगभग 26 लाख रुपये खर्च आता है। उन्होंने खुद की सुविधाओं पर होने वाले सरकारी खर्च को पूर्व सैनिकों के कल्याण में लगाने का सरकार को सुझाव दिया है। पूर्व सैन्य अधिकारी कोठियाल ने अन्य दायित्वधारियों को प्रेरणा देते हुए कहा है कि वह सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि समाज सेवा के भाव से राजनीति में आये हैं। देश की राजनीति में पद, पैसे और विशेषाधिकारों की अंधी दौड़ में नेता, अधिकारी, शिक्षा और अन्य क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हैं, वहीं एक पूर्व सैन्य अधिकारी ने अपने कर्म और फैसले से यह साबित कर दिया है कि राजनीति का मूल स्वरूप आज भी सेवा और त्याग हो सकता है। पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार परिषद के अध्यक्ष कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल का स्पष्ट कहना है कि उन्हें पैसा नहीं चाहिए। उनकी सुविधा और मानदेय का धन पूर्व सैनिकों के कल्याण पर खर्च किया जाए। उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को भी स्पष्ट किया है। उन्होंने शासन को प्रेषित पत्र में लिखा है कि उन्हें हर महीने दो लाख 19 हजार रुपये की विभिन्न सरकारी सुविधाएं और मानदेय मिलेगा, जो सालाना करीब 26 लाख है। दायित्वधारियों को मिलने वाली सुविधाओं के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। हर महीने 80 हजार रुपये वाहन व्यय, 25 हजार रुपये आवास और कार्यालय व्यय, दो हजार रुपये टेलीफोन व मोबाइल खर्च, 27 हजार रुपये कार्मिकों का मानदेय, 45 हजार रुपये स्वयं का मानदेय और 40 हजार रुपये यात्रा भत्ता मिलता है। उनका कहना है कि यह संसाधन अगर सैनिकों की भलाई में लगे, तो कहीं अधिक मूल्यवान होगा। कर्नल कोठियाल का यह निर्णय राजनीति से जुड़े लोगों के सामने चुनौतीपूर्ण प्रश्न है। विश्लेषक इसे यह संदेश भी मान रहे हैं कि लोग सत्ता सुख के लिए नहीं, बल्कि जनहित के उद्देश्य से राजनीति में आयें। उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद शायद यह पहला अवसर है, जब किसी जिम्मेदार व्यक्ति ने स्वेच्छा से अपने सभी सरकारी लाभ त्याग दिए हों। उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य राज्य है और यहां पूर्व सैनिकों के सम्मान और कल्याण का विषय बेहद भावनात्मक है। कर्नल कोठियाल स्वयं एक युद्धवीर रहे हैं और उनकी पहचान एक सच्चे देशभक्त के रूप में रही है। ऐसे में उनके इस फैसले को केवल राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि जीवन के मूल्यों का पालन करने वाला माना जाना चाहिए।

# सभासदों ने पुलिस कर्मियों पर लगाया अभद्रता का आरोप

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल में एक मामले में शिकायत करने के दौरान पालिका सभासदों ने पुलिस कर्मियों पर शिकायती पत्र न लेने और उनके साथ अभद्रता का आरोप लगाया। इसी मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए पालिका सभासदों ने पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सभासद पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल की मौजूदगी में शुक्रवार को कोतवाली प्रांगण में धरने पर बैठ गए,इस दौरान सभासदों की कहासुनी के बीच कोतवाली में तैनात पुलिस कर्मी का स्वास्थ्य बिगड़ गया, जिसके बाद सभासदों ने सीओ प्रमोद कुमार शाह को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के मुताबिक वीरवार की शाम पालिका के सभासद पूरन सिंह बिष्ट अन्य सभासदों के साथ किसी मामले में शिकायती पत्र लेकर कोतवाली पहुंचे थे, सभासदों का कहना था कि कोतवाली में तैनात एक पुलिस कर्मी को उन्होंने शिकायती पत्र दिया लेकिन पुलिस कर्मी ने शिकायती पत्र लेने व रिसीविंग देने से मना कर दिया, जिस पर सभासदों और पुलिसकर्मी के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद सभासद वापस लौट गए, जिसके बाद शुक्रवार को सभासद पूरन सिंह बिष्ट, सपना बिष्ट, मुकेश जोशी, मनोज साह जगाती, जितेंद्र पांडे, गजाला कमाल, भगवत सिंह रावत, रमेश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार, अंकित चंद्रा समेत कई अधिवक्ता व व्यापार मंडल के प्रतिनिधि कोतवाली पहुंच गए,सभासदों ने पुलिस द्वारा अभद्रता का आरोप लगाकर कोतवाल को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। देर तक वार्ता के बाद भी जब बात नहीं बनी तो सभासद कोतवाली प्रांगण के बाहर ही धरने पर बैठ गए। सूचना के बाद पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल भी कोतवाली पहुंच गई, जिसके बाद पालिका के कई कर्मचारी भी आंदोलित सभासदों को समर्थन देने मौके पर पहुंच गए। कोतवाली में भीड़ बढने् के बाद सीओ प्रमोद साह भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सभासदों व अन्य लोगों से मामले में वार्ता की। इस दौरान सभासदों व पुलिस कर्मी के बीच बहस हो गई। बहस के दौरान सभासदों ने पुलिस कर्मी पर आरोप लगाए तो पुलिसकर्मी की तबीयत बिगड़ गई, जिसे वर्तमान में जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। सभासदों ने सीओ प्रमोद साह को शिकायती पत्र देते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की है। सीओ प्रमोद साह ने बताया कि सभासदों ने पुलिस कर्मियों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है, जिसकी प्राथमिकता से जांच की जा रही है।

## हाईकोर्ट ने लगाई स्टोन क्रशर का निर्माण कार्य और संचालन पर रोक

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने मैसर्स साई कृपा स्टोन क्रशर द्वारा घनी आबादी वाले क्षेत्र से 200 मीटर की दूरी पर स्टोन क्रशर स्थापित किए जाने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद कहा कि स्टोन क्रशर का निर्माण कार्य और संचालन पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी एवं न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार स्कंद कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि मेसर्स साई कृपा स्टोन क्रशर द्वारा घनी आबादी वाले क्षेत्र से 200 मीटर की दूरी पर स्टोन क्रशर स्थापित किए जा रहा है जो गलत है। याचिकाकर्ता की ओर से स्टोन क्रशर का निर्माण और संचालन पर रोक लगाने की प्रार्थना की थी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि स्टोन क्रशर का निर्माण घनी आबादी वाले क्षेत्र से 200 मीटर के भीतर किया जा रहा है,उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण केंद्रीय बोर्ड की ओर से कहा गया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की नीति के अनुसार नए स्टोन क्रशरों को केवल क्रशर क्षेत्रों में ही संचालन की अनुमति दी जा सकती है।

# कारगिल विजय दिवस पर शहदों को दी श्रद्धांजलि



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**


लेक सिटी वेलफेयर कलब द्वारा शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर नैनीताल में शहीद मेजर राजेश अधिकारी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कलब की सदस्यों द्वारा ए मेरे वतन के लोगों----, जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़ियां करती है बसेरा-----, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा------, संदेशे आते हैं----ये मेरे प्यारे वतन----- आदि कई देशभक्ति गीत गाकर किया गया। विजय दिवस को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) शैलेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि देश के लिए मेजर राजेश ने जो अपनी शहादत दी है उसे कदापि व्यर्थ जाने नहीं दिया जाएगा। कहा कि भारत ने इसका बदला कारगिल पर पतहाकर लिया था। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि लेक सिटी वेलफेयर कलब बीते 15 साल से कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है, उन्होंने कलब के प्रयासों की सराहना की।

इस मौके पर कलब की अध्यक्ष आभा शाह समेत कविता त्रिपाठी, गीता शाह, विनीता पांडे, हेमा भट्ट, रानी शाह, कंचन जोशी, अमिता शाह, मीनू बुधलाकोटी, रमा भट्ट, खष्टी बिष्ट, संगीता श्रीवास्तव, दीपिका बिनवाल तथा तुसी शाह आदि उपस्थित थी जबकि संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया। अंत में कलब की अध्यक्ष आभा शाह ने अतिथियों समेत सभी का विशेष आभार जताया।

# फिल्मी दुनिया

## आठवें दिन ही 200 करोड़ के करीब पहुंची 'सैयारा'



*एक हफ्ता पूरा करने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर 'सैयारा' लगातार बेहतर कमाई कर रही है। जानते हैं नई फिल्में रिलीज होने के बाद शुक्रवार को कैसी रही 'सैयारा' की कमाई। बॉक्स ऑफिस शुक्रवार को कुछ नई फिल्में रिलीज हुई, इनमें साउथ से लेकर हॉलीवुड तक की फिल्म शामिल है। हालांकि, इन नई फिल्मों के बीच भी मोहित सूरी की 'सैयारा' लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लेने के बाद भी 'सैयारा' दोहरे अंकों में कमाई कर रही है और हर दिन एक नया रिकॉर्ड बना रही है।*

*बॉक्स ऑफिस पर 21.5 करोड़ के साथ अपनी शुरुआत करने वाली 'सैयारा' ने अपने पहले हफ्ते 172.75 करोड़ रुपए की कमाई की। अब फिल्म ने अपने दूसरे शुक्रवार को भी शानदार कमाई की है। फिल्म ने आठवें दिन अपने दूसरे शुक्रवार 18 करोड़ रुपए की कमाई की है। हालांकि, ये आंकड़े उसकी गुरुवार की कमाई 19 करोड़ से मामूली अंतर से कम है। लेकिन आठवें दिन 18 करोड़ रुपए की कमाई करके 'सैयारा' ने 'आरआरआर' और 'केजीएफ' जैसी ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है। आठ दिनों में 'सैयारा' का कुल कलेक्शन अब 190.76 करोड़ रुपए हो गया। ऐसे में अब उम्मीद है कि 'सैयारा' शनिवार को आराम से 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी।*

## महावतार नरसिम्ह

*'केजीएफ', 'कांतारा' और 'सालार' जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाले होम्बले फिल्म्स अब नई फिल्म लेकर आए हैं 'महावतार नरसिम्ह'। ये एक माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म है। फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज था। अब फिल्म की पहले दिन की कमाई भी सामने आ गई है। पहले दिन फिल्म ने भारत में 2.01 करोड़ रुपए के साथ धीमा शुरुआत की है। सबसे ज्यादा कमाई फिल्म के हिंदी वर्जन ने की है। फिल्म ने हिंदी में 1.51 करोड़ रुपए की कमाई की है।*

# इंट्रोडकशन टू फाइनेंशियल मैनेजमेंट विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग/ विजिटिंग प्रोफेसर प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा संयुक्त रूप से इंट्रोडकशन टू फाइनेंशियल मैनेजमेंट विषय पर ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस विषय पर सेबी की स्मार्ट ट्रेनर अनुया देशपांडे ने सत्र में मुखय वक्ता के रूप में व्याखयान दिया। इससे पूर्व प्रो. ललित तिवारी निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा कार्यक्रम को विधिवत प्रारंभ किया गया । वाणिज्य विभाग की तरफ से डॉ.निधि वर्मा द्वारा सभी मुखय वक्ता के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सत्र में अनुया देशपांडे द्वारा विस्तार से फ इनेंशियल मैनेजमेंट विषय पर व्याखयान दिया, उन्होंने मुखय रूप से निवेशकों को सुरक्षित रहने के लिए टिप्स दि। उन्होंने कहा कि किसी भी ऐसी जगह निवेश नहीं करना चाहिए जो सेबी से रजिस्टर्ड या रेगुलेट नहीं है, साथ ही उन्होंने अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन निवेश के विषय में विस्तार से समझाया। उन्होंने निवेश के लिए सेबी तथा भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के विषय में भी विस्तार से बताया। इस वर्कशॉप में वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ. विनोद जोशी, डॉ.अंकिता आर्या, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ.पूजा जोशी पालीवाल, रितिशा शर्मा, डॉ. गौतम रावत, सुबीया नाज, पंकज भट्ट, दीक्षा पंत, सुबी ,प्रो.गीता तिवारी, प्रो. बी एस कलाकोटी, डॉ.गोकुल सत्याल, सौरभ जोशी,डॉ रीमा खुराना, डॉ पैनी जोशी, डॉ नंदन बिष्ट ,डॉ निर्मल कौर दिशा,लता, योगेश त्रिपाठी,डॉ इकरमजीत सिंह समेत शोध छात्रों व विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम के अंत डा.विजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने सभी का धन्यवाद किया ।

# डीएम वंदना सिंह ने की समस्याओं को लेकर वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

डीएम वंदना सिंह ने  कैंप कार्यालय में वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक कर उनकी विभिन्न समस्याओं  के संबंध में चर्चा करते हुए, जिले के विकास के संबंध में उनसे सुझाव लिए साथ ही उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु हैल्प नंबर जारी करने के साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा  के संबंध में जनपद में शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर एक सूची तैयार की जाएगी तथा नियमित रूप से विभिन्न माध्यमों से इनसे संपर्क किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की



समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा, इस हेतु जिला स्तर पर प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी प्रशासन नोडल अधिकारी एवं नगरीय क्षेत्र हेतु नगर आयुक्त  सह नोडल तथा पुलिस विभाग की ओर से पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी रहेंगे, जो नियमित रूप से प्राथमिकता के तहत समस्याओं का समाधान  के संबंध में विभागों एवं वरिष्ठ जनों से समनवय बनाए रखेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वरिष्ठ व बृद्धजन विशेष रूप से एकल वृद्धजन के घर पर अवश्य की आवश्यक नंबर उपलब्ध कराए जाएंगे। बैठक में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी से जिले में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए अनेक सुझाव उनके सम्मुख रखे, साथ ही उन्होंने  नगर में सड़क चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण सहित किए गए विभिन्न विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले के विकास हेतु वरिष्ठ जन कल्याण समिति हमेशा ही प्रशासन के साथ खड़ी है और पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। जिलाधिकारी वंदना ने वरिष्ठ नागरिकों के हितों और उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए हर ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों ने जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिले में किया जा रहे विकास कार्य की आमूलचूल परिवर्तन पर उन्हें साधुवाद दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन् दिवस जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के द्वारा वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के सहयोग से भव्यता पूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने हल्द्वानी नगर अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं प्रस्तावित परियोजनाओं आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

बैठक में उपाध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद (दायित्व धारी ) नवीन वर्मा एवं शांति मेहरा, वरिष्ठ जन कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी सहित अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक राय, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सीएमओ डॉ हरीश पंत आदि उपस्थित रहे।

## News कॉर्नर

### सरकारी स्कूल भूमि में किए अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में हरिद्वार ज्वालापुर स्थित सरकारी स्कूल भूमि में किए गए अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ती आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने मामले को निस्तारित करते हुए जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार को स्कूल की भूमि में हुए अतिक्रमण कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। मामले के अनुसार हरिद्वार निवासी इरसाद अली ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हरिद्वार के ज्वालापुर में सरकारी स्कूल भूमि में कुछ अतिक्रमणकारियों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है।

### हाईवे किनारे मिला फैक्ट्री कर्मी का शव, सनसनी

**रुद्रपुर।** हाईवे किनारे रुद्रपुर मार्ग पर अधेड़ का शव खेत में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया है। परिजनों को सूचित कर दिया है। पुलिस हत्या या दुर्घटना के कारण की जांच में जुट गई है। शनिवार सुबह नौ बजे रुद्रपुर मार्ग पर एक व्यक्ति का शव पड़ा देख मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गयी। इसी बीच सूचना मिलने पर सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी, प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक मृतक की शिनाख्त रानीखेत निवासी 50 वर्षीय मोहन बिष्ट  पुत्र बचे सिंह के रूप में हुई। वह किशनपुर के मिनी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक कंपनी में कार्यरत था। शुक्रवार को उसकी नाईट शिफ्ट में ड्यूटी थी। परंतु वह डयूटी नही पहुंचा। जिस पर रात में उसके मोबाइल फ़ोन पर लगातार संपर्क किया,परंतु बात नही हो पाई। शनिवार सुबह उसका शव खेत मे पड़ा मिला। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया जांच में सामने आया है कि मृतक  रात को जिस ई रिक्शा पर वह बैठ कर आया उस पर बैठी सवारियों के मुताबिक शुक्रवार रात भी उसने अत्यधिक शराब का सेवन कर रखा था।

# उपनल कर्मचारियों ने प्राचार्य का घेराव करते हुए आक्रोश जताया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नियुक्ति  तिथि को नजरअंदाज करने के मामले में उपनल कर्मचारियों ने प्राचार्य का घेराव करते हुए आक्रोश व्यक्त किया है सुशीला तिवारी अस्पताल में  उपनल कार्यरत कर्मचारियों  उस वक्त आक्रोशित हो उठे  उन्हें जानकारी मिली कि उनकी वरिष्ठता सूची 1 जून 2011 से तैयार की जा रही है। इसको लेकर सैकड़ों कर्मचारियों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी का घेराव कर विरोध जताया उपनल

कर्मचारियों का कहना था कि वे वर्ष 2000 से लेकर 2006 और इसके बाद भी अस्पताल में अपनी निरंतर सेवा दे रहे हैं।लेकिन कॉलेज प्रशासन उनकी नियुक्ति तिथि को नजरअंदाज करते हुए 1 जून 2011 से वरिष्ठता सूची बनाने का प्रयास कर रहा है। उनका आरोप है कि वर्ष 2011 में केवल उपनल के माध्यम से स्थानांतरण हुआ था। जबकि वे पहले से संस्थान में कार्यरत थे।



कर्मचारियों ने मांग की कि उनकी वास्तविक नियुक्ति तिथि को आधार मानते हुए ही वरिष्ठता सूची तैयार की जाए। विरोध प्रदर्शन के बाद कॉलेज प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एक जांच समिति गठित करने का निर्णय लिया। यह समिति सभी कर्मचारियों की नियुक्ति तिथियों की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट शासन को सौंपेगी, जिसके बाद शासन स्तर से जो भी निर्णय लिया जाएगा, उसका पालन संस्थान द्वारा किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान पंकज जोशी, राजू बिष्ट, मोहन पंत, नीरज हैडिया, डूंगर मटियाली, दिनेश कांडपाल, दिनेश जोशी, हरीश भट्ट, राकेश कबडवाल, प्रताप बोरा, नीलम बिष्ट, नंदी रजवार और प्रीति बिष्ट समेत सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

# ठेकेदार के खिलाफ पीसीएस अधिकारी ने लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

मजदूरी से ठेकेदारी का सफर तय करने वाले ठेकेदार के खिलाफ वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी ने लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। ठेकेदार राजनीतिक और प्रशासनिक अधिकारियों  में मजबूत पकड़ रखने वाले ठेकेदार धनंजय गिरी के खिलाफ काठगोदाम थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी ठेकेदार पर पहले से भी कई  आपराधिक मामले दर्ज हैं।

ठेकेदार धनंजय गिरी ने एक हाउसिंग प्रोजेक्ट के नाम पर पीसीएस अधिकारी को तीसरी मंजिल पर स्थित फ्लैट 40 लाख रुपये में बेचने का झांसा दिया था। अधिकारी ने विश्वास जताते हुए उसे पांच लाख रुपये का चेक अग्रिम रूप में दे दिया। बाद में पता चला कि जिस फ्लैट की बिक्री का सौदा किया गया है। फ्लैट पर पहले से ही एक निजी बैंक का लोन चल रहा था, जिसे हटाया नहीं जा सकता था। जब अधिकारी को इस धोखाधड़ी का आभास हुआ, तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। काठगोदाम थाना प्रभारी पंकज जोशी ने बताया कि ठेकेदार धनंजय गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही उस निजी बैंक के अज्ञात अधिकारी के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसने लोन की जानकारी छिपाई।बताया जा रहा है कि धनंजय गिरी पूर्व में ठेकेदारी के कार्यों में सक्रिय था और उसने विभिन्न सरकारों में सत्तासीन नेताओं के संरक्षण में अपना प्रभाव स्थापित किया। उसके खिलाफ  कई थानों में गंभीर आपराधिक मुकदमे पहले से भी दर्ज हैं। साथ ही धनंजय गिरी द्वारा पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य किया  था।

ठेकेदार ब्याज माफियाओं के शिकंजे में फंसा धनंजय गिरी इन दिनों शहर से फरार  चल रहा है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जरूरत पड़ने पर धनंजय से जुड़े अन्य लोगों को भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने बताया कि धनंजय के पुराने मामलों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि ठेकेदार जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# हल्द्वानी व कोटाबाग में पंचायत निर्वाचन स्ट्रॉंग रूम और मतगणना स्थलों का निरीक्षण

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की तैयारियों की समीक्षा के लिए एच.एन. इंटर कॉलेज, रामपुर रोड हल्द्वानी में विकास खण्ड हल्द्वानी के पंचायत निर्वाचन की मतगणना हेतु बनाए गए स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि डिस्ट्रिब्यूशन प्रक्रिया में पूर्ण सतर्कता बरती जाए। सीसी टी वी कैमरे पर्याप्त संख्या में हों। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक सुविधाएं कल तक चाक-चौबंद कर ली जाएं। अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने जानकारी दी कि विकास खण्ड हल्द्वानी की सभी मतदान  पार्टियाँ 27 जुलाई 2025 की प्रात: मतदेय स्थल को रवाना होंगी। मतदान उपरांत मतपेटियां सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी। इसके बाद 31 जुलाई 2025 को मतगणना संपन्न होगी, जिस हेतु 28 टेबल लगाई गई है। इसके पश्चात अपर जिलाधिकारी ने आज त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के लिए राजकीय इंटर कॉलेज कोटाबाग में विकास खण्ड कोटाबाग हेतु बनाए गए मतगणना स्थल एवं स्ट्रॉंग रूम का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरिक्षण के दौरान एसपी सिटी हल्द्वानी,निर्वाचन अधिकारी दिनेश सिंह रावत, खंड विकास अधिकारी तनवीर असगर, सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा महेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### क्षेत्र पंचायत सदस्य का नाम दो जगह होने के मामले में याचिका निरस्त

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के ओखलकंडा विकासखंड के बड़ौत क्षेत्र पंचायत की निर्विरोध चुनी हुई क्षेत्र पंचायत सदस्य का नाम दो  जगह  वोटर लिस्ट में होने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ती रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने याचिका को निरस्त करते हुए कहा कि चुनाव हो चुके हैं। इस संबंध सर्वोच्च न्यायलय ने भी दिशा निर्देश दिए हुए इसलिए अब याचिका दायर करने का कोई औचित्य नहीं रह गया है इसलिए याचिका निरस्त करने योग्य है।

# तीनपानी पर बने जानलेवा कट के मामले में एनएचएआई गंभीर

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

तीनपानी से लालकुआं हाइवे पर बने जानलेवा कट के मामले में समाज सेवी ने शिकायत दर्ज कराई है। गौरतलब है कि हल्दूचौड़ में 12 दिन पूर्व रात के समय सड़क दुर्घटना में बिजली कारोबारी दीपक जोशी की मौत के मामले में क्षेत्र के समाजसेवी कपिल राणा की शिकायत पर एनएचएआई ने गंभीर रुख अपनाते हुए। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परियोजना कार्यान्वयन इकाई रुद्रपुर ने एनएच पर 43 से किलोमीटर 93 तक का निर्माण कार्य कर रही गाबर एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए तमाम बिंदुओं की जानकारी मांगी है। हल्दूचौड़ के समाजसेवी कपिल राणा ने राष्ट्रीय राजमार्ग 109 पर एसबीआई हल्दूचौड़ में कट के पास सड़क हादसे में व्यापारी दीपक जोशी की मौत के मामले में निर्माण कर रही संस्था को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने दीपक जोशी के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। कपिल राणा का कहना था कि 13 जुलाई को हादसा एनएच की लापरवाही से हुआ है। कपिल ने कहा कि हाईवे पर सुरक्षित क्रॉसिंग के उपाय नहीं किए गए हैं। सिडकुल में सर्विस करने वाला कन्नू परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन था, उसकी मौत से उसके परिवार में भी आर्थिक संकट बन आया है। एनएचएआई की तकनीकी प्रबंधक मीनू का कहना है कि विभाग की सर्वे एजेंसी को जांच के आदेश दिए हैं। रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अगर समय रहते हुए एचपी कट सही नहीं किए गए तो और लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा।

# मेजर राजेश अधिकारी की मूर्ति स्थल पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

रोटरी क्लब नैनीताल द्वारा कारगिल दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को मेजर राजेश अधिकारी की मूर्ति स्थल पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया और मेजर राजेश अधिकारी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई ।

बता दें की मेजर राजेश सिंह अधिकारी का जन्म 25 दिसंबर 1970 में नैनीताल शहर में हुआ।  मेजर अधिकारी  1993 को भारतीय सेना में भर्ती हुए और 30 मई 1999 को 28 वर्ष की आयु में अपने देश की रक्षा करते हुए तुलांग में  कारगिल युद्ध के दौरान पूर्ण शौर्य का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। नैनीताल के




मेजर राजेश अधिकारी मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित और  देश के सभी वीरगति को प्राप्त वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए  रोटरी क्लब ने ये श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया ।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायधीश आलोक माहरा व विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ.सरस्वती खेतवाल रहें। इस दौरान उत्तराखंड हाई कोर्ट के न्यायधीश आलोक माहरा ने बताया कि मेजर  राजेश अधिकारी के साथ उन्होंने कक्षा 1 से कक्षा 10वीं तक नैनीताल में अध्ययन किया ।

भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन मेहता  के नेतृत्व में छात्र एवं छात्राओं ने देश भक्ति के गीत गाए और  एनसीसी के कैडेट्स ने परेड कर सलामी दी । जिसके बाद केनेडी पार्क में वृक्षारोपण भी किया गया ।

इस दौरान सभासद गीता उप्रेती , व्यापार मंडल तल्लीताल अमनदीप आनंद , सचिव नासिर गीता शाह समेत रोटरी क्लब के अध्यक्ष शैलेन्द्र शाह , सचिव शिवसंगी शाह , विक्रम स्याल, जेके शर्मा,अनित शाह, सुमित खन्ना ,जितेंद्र शाह , हरीश नयाल समेत अन्य लोग रहें।